दैनिक भास्कर
BHASKARHINDI.COM

राष्ट्रीय: गाजियाबाद में पकड़ी गई नकली दवाइयों की फैक्ट्री, 1.10 करोड़ की दवाइयां बरामद

गाजियाबाद, 5 मार्च (आईएएनएस)। गाजियाबाद में नकली दवाइयों की एक फैक्ट्री पकड़ी गई है। इस पर कार्रवाई करते हुए ड्रग डिपार्टमेंट ने 1 करोड़ 10 लाख की नकली दवाइयां जब्त की हैं। ये नकली दवाइयां नामी कंपनियों के नाम से पैक करके बेची जा रही थीं। यह कार्रवाई गाजियाबाद के राजेंद्र नगर और भोपुरा इलाके में हुई है, जहां पर ड्रग डिपार्टमेंट ने छापा मारकर नकली दवाइयां का जखीरा बरामद किया है। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। इस फैक्ट्री को लेकर पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई गई है। पुलिस ने फैक्ट्री को सील कर जांच शुरू कर दी है। ड्रग डिपार्टमेंट से मिली जानकारी के मुताबिक, मंगलवार को एक सूचना के आधार पर ड्रग डिपार्टमेंट ने गाजियाबाद के दो अलग-अलग इलाकों में छापेमारी की। छापेमारी में 1 करोड़ 10 लाख की नकली दवाइयां मिली हैं। बताया जा रहा है कि नामी कंपनी के नाम से नकली दवाएं पैक कर बेची जा रही थीं।

Source: https://www.bhaskarhindi.com/other/-110--1007654